पंजीकरण संख्या–यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2015–17

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की

खण्ड–16] रुड़की, शनिवार, दिनांक 22 अगस्त, 2015 ई0 (श्रावण 31, 1937 शक सम्वत्) [संख्या–34

विषय–सूची

प्रत्येक भाग के पृष्ठ अलग–अलग दिये गए हैं, जिससे उनके अलग–अलग खण्ड बन सकें

विषय	पृष्ठ संख्या	वार्षिक चन्दा रु0
सम्पूर्ण गजट का मूल्य	—	3075
भाग 1–विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस ...	549–558	1500
भाग 1–क–नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया ...	537–563	1500
भाग 2–आज्ञाएं, विज्ञप्तियां, नियम और नियम विधान, जिनको केन्द्रीय सरकार और अन्य राज्यों की सरकारों ने जारी किया, हाई कोर्ट की विज्ञप्तियां, भारत सरकार के गजट और दूसरे राज्यों के गजटों के उद्धरण	—	975
भाग 3–स्वायत्त शासन विभाग का क्रोड़–पत्र, नगर प्रशासन, नोटीफाइड एरिया, टाउन एरिया एवं निर्वाचन (स्थानीय निकाय) तथा पंचायतीराज़ आदि के निदेश जिन्हें विभिन्न आयुक्तों अथवा जिलाधिकारियों ने जारी किया ...	—	975
भाग 4–निदेशक, शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 5–एकाउन्टेन्ट जनरल, उत्तराखण्ड	—	975
भाग 6–बिल, जो भारतीय संसद में प्रस्तुत किए गए या प्रस्तुत किए जाने से पहले प्रकाशित किए गए तथा सिलेक्ट कमेटियों की रिपोर्ट	—	975
भाग 7–इलेक्शन कमीशन ऑफ इण्डिया की अनुविहित तथा अन्य निर्वाचन सम्बन्धी विज्ञप्तियां	—	975
भाग 8–सूचना एवं अन्य वैयक्तिक विज्ञापन आदि ...	229–233	975
स्टोर्स पर्चेज–स्टोर्स पर्चेज विभाग का क्रोड़–पत्र आदि ...	—	1425

भाग 1

विज्ञप्ति–अवकाश, नियुक्ति, स्थान–नियुक्ति, स्थानान्तरण, अधिकार और दूसरे वैयक्तिक नोटिस

वित्त अनुभाग–9

अधिसूचना

23 जुलाई, 2015 ई0

संख्या 40/2015/XXVII(9)/स्टाम्प-42/2008–श्री राज्यपाल महोदय, साधारण खण्ड अधिनियम, 1897 (अधिनियम संख्या 10 वर्ष 1897) की धारा 21 (यथा उत्तराखण्ड में प्रवृत्त) सपठित भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 (केन्द्रीय अधिनियम संख्या 2 सन् 1899) की धारा 10 की उपधारा (1) के खण्ड (ख) 74 तथा 75 के द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये उ0प्र0 स्टाम्प नियमावली, 1942 (उत्तराखण्ड राज्य में यथाप्रवृत्त) में उत्तराखण्ड राज्य के परिप्रेक्ष्य में अग्रेतर संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियम बनाते हैं, अर्थात्:–

उत्तराखण्ड स्टाम्प (संशोधन) नियमावली, 2015

संक्षिप्त शीर्षक और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड स्टाम्प (संशोधन) नियमावली, 2015 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 156 का संशोधन

2. उ0प्र0 स्टाम्प नियमावली 1942 (जिसे यहां आगे मूल नियमावली कहा गया है) में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा; अर्थात्–

स्तम्भ–1 वर्तमान नियम	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
156. गैर सरकारी विक्रेताओं को स्टाम्पों की साप्ताहिक बिक्री, लाईसेन्स प्राप्त स्टाम्प विक्रेता सामान्यतः स्थानीय या शाखा डिपो से सप्ताह में एक बार स्टाम्प खरीदने के अधिकृत होंगे, जो मात्रा उनके साप्ताहिक निकासी की अनुमानित मात्रा के बराबर होगी, जो पिछले कुछ सप्ताहों की बिक्री के औसत पर आधारित होगी। यदि साप्ताहिक खरीद के बाद किसी विक्रेता की बिक्री अधिक हो जाए और उसके पास स्टाम्पों का स्टॉक एक सप्ताह के अन्दर ही समाप्त हो जाय, तो उसको सप्ताह के अन्य किसी दिन, जिस दिन, कोषागार खुला हो, सप्ताह के बाकि दिनों की अनुमानित निकासी के बराबर स्टाम्प खरीदने दिया जाएगा। प्रतिबन्ध यह है कि ₹ 25,000/– से अधिक मूल्य का स्टाम्प पेपर लाईसेन्स प्राप्त स्टाम्प विक्रेता को नहीं दिया जायेगा।	156. गैर सरकारी विक्रेताओं को स्टाम्पों की साप्ताहिक बिक्री, लाईसेन्स प्राप्त स्टाम्प विक्रेता सामान्यतः स्थानीय या शाखा डिपो से सप्ताह में एक बार स्टाम्प खरीदने के अधिकृत होंगे, जो मात्रा उनके साप्ताहिक निकासी की अनुमानित मात्रा के बराबर होगी, जो पिछले कुछ सप्ताहों की बिक्री के औसत पर आधारित होगी। यदि साप्ताहिक खरीद के बाद किसी विक्रेता की बिक्री अधिक हो जाए और उसके पास स्टाम्पों का स्टॉक एक सप्ताह के अन्दर ही समाप्त हो जाय, तो उसको सप्ताह के अन्य किसी दिन, जिस दिन, कोषागार खुला हो, सप्ताह के बाकि दिनों की अनुमानित निकासी के बराबर स्टाम्प खरीद कर सकेंगे; परन्तु यह कि ₹ 25,000/– से अधिक मूल्य का स्टाम्प पेपर लाईसेन्स प्राप्त स्टाम्प विक्रेता को नहीं दिया जायेगा; **परन्तु अग्रतर यह कि स्टाम्प विक्रेता किसी भी मूल्य का ई–स्टाम्प प्रमाण–पत्र जारी कर सकता है।**

नियम 161 का संशोधन

3. मूल नियमावली के नियम 161 में नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान नियम के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिया गया नियम रख दिया जायेगा; अर्थात–

स्तम्भ–1	स्तम्भ–2
वर्तमान नियम	एतद्द्वारा प्रतिस्थापित नियम
161. प्रत्येक अनुज्ञप्त विक्रेता, जो सरकारी कोषागार से तत्काल धन की अदायगी द्वारा गैर न्यायिक न्यायालय फीस या प्रतिलिपि स्टाम्पों को क्रय करता है, स्टाम्पों के प्रत्यक्ष मूल्य के ₹ 1.00 प्रतिशत की छूट पर उसे प्राप्त करेगा ; प्रतिबन्ध यह है कि गैर न्यायिक स्टाम्पों के ₹ 1000 मूल्य तक के स्टाम्पों के क्रय पर 2 प्रतिशत की छूट अनुज्ञप्त विक्रेता को अनुमन्य होगी। यदि अनुज्ञेय छूट में ₹ का भाग शामिल है, तो ऐसे किसी भाग, जो पॉच पैसे के नजदीकी न्यूनतम गुणक के आधिक्य में हो, की उपेक्षा कर दी जाएगी परन्तु उस पर कोई छूट नहीं दी जायेगी। (क) स्वयं केता द्वारा प्रदान किये गये किसी धन पर आपूर्ति किये गये स्टाम्पों पर, (ख) यदि ₹ 5 से अन्यून कुल मूल्य के स्टाम्प एक बार नहीं क्रय किये जाते हैं, (ग) केवल एक ₹ के भाग पर, तथा (घ) आसंजक राजस्व स्टाम्पों के क्रय के लेखा पर	161. प्रत्येक अनुज्ञप्त विक्रेता, जो सरकारी कोषागार से तत्काल धन की अदायगी द्वारा गैर न्यायिक न्यायालय फीस या प्रतिलिपि स्टाम्पों को क्रय करता है, स्टाम्पों के प्रत्यक्ष मूल्य के ₹ 1.00 प्रतिशत की छूट पर उसे प्राप्त करेगा ; प्रतिबन्ध यह है कि गैर न्यायिक स्टाम्पों के ₹ 1000 मूल्य तक के स्टाम्पों के क्रय पर 2 प्रतिशत की छूट अनुज्ञप्त विक्रेता को अनुमन्य होगी। यदि अनुज्ञेय छूट में ₹ का भाग शामिल है, तो ऐसे किसी भाग, जो पॉच पैसे के नजदीकी न्यूनतम गुणक के आधिक्य में हो, की उपेक्षा कर दी जाएगी परन्तु उस पर कोई छूट नहीं दी जायेगी। (क) स्वयं केता द्वारा प्रदान किये गये किसी धन पर आपूर्ति किये गये स्टाम्पों पर, (ख) यदि ₹ 5 से अन्यून कुल मूल्य के स्टाम्प एक बार नहीं क्रय किये जाते हैं, (ग) केवल एक ₹ के भाग पर, तथा (घ) आसंजक राजस्व स्टाम्पों के क्रय के लेखा पर, **परन्तु, यह कि–** **1. स्टाम्प विक्रेता द्वारा जारी किये गये प्रत्येक ई–स्टाम्प पर 0.85 प्रतिशत की दर से स्टाम्प विक्रेता को कमीशन देय होगा, जो स्टॉक होल्डिंग कार्पोरेशन इण्डिया लिमिटेड द्वारा अपने अधीन अधिकृत संग्रह केन्द्र (ए0सी0सी0) को दिये जाने वाले कमीशन के अतिरिक्त होगा।** **2. स्टाम्प विक्रेता सृजित प्रत्येक ई–स्टाम्प के लिये ₹ 10 प्रति ई–स्टाम्प स्टेशनरी शुल्क के रूप में क्रेता से प्राप्त करेगा।**

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification No. 40/2015/XXVII(9)/ Stamp-42/2008, Dehradun, dated July 23, 2015 for general information.

NOTIFICATION

July 23, 2015

No. 40/2015/XXVII(9)/Stamp-42/2008--In exercise of the powers conferred by clause (b) of sub-section (1) of Section 10 and section 74 and 75 of the Indian stamp Act. 1899 (Central Act no 2 of 1899) read with section 21 of General clauses Act, 1897 (Central Act. no. 10 of 1897), the Governor is pleased to make the following rules with a view to further amend the U.P. Stamp Rules, 1942 (as applicable to the State of Uttarakhand) to the context of the State of Uttarakhand--

The Uttarakhand Stamp (Amendment) Rules, 2015

Short title, and commencement 1. (1) These Rules may be called the Uttarakhand Stamp (Amendment) Rules, 2015

(2) It shall come into force at once.

Amendment of Rule 156 2. In the Uttar Pradesh Stamp Rules, 1942 (hereinafter referred to as principal rules), the existing Rule 156 set out in column-1 below, the rule as set out in column-2, shall be substituted as follows ; namely-

Column-1	Column-2
Existing rule	**Rule as hereby substituted**
156. Licensed vendors shall be allowed to purchase stamps from the local or branch depot ordinarily once a week, equal to their estimated demand for one week, based on the average sales of the last few weeks. If after a weekly purchase, the sales of any vendor have been heaby and his stock have run short within the week, he shall be allowed to purchase on any other day of the week when the treasury is open, equal to the probable consumption for remaining part of the week. Provided that stamp paper of value of more than Rs. Twenty five Thousand shall not be given to licensed stamp vendor.	156. Licensed vendors shall be allowed to purchase stamps from the local or branch depot ordinarily once a week, equal to their estimated demand for one week, based on the average sales of the last few weeks. If after a weekly purchase, the sales of any vendor have been heaby and his stock have run short within the week, he shall be allowed to purchase on any other day of the week when the treasury is open, equal to the probable consumption for remaining part of the week; Provided that stamp paper of value of more than Rs. twenty five thousand shall not be given to licensed stamp vendor; Provided further that stamp vendor can be issue an e-stamp certificates of any value.

Amendment of Rule 161

2. In the principal existing rules set out in column-1 below, the following rule set out in column-2 shall be substituted; namely-

Column-1 Existing rule	Column-2 rules as herby substituted
161. Every licensed vendor who purchases non- Judicial. court fee or copy stamps from the Government treasury by payment of ready money shall eceive the same at a discount of Re.1 percent of the face value of the stamps. Provided that a discount of Rs 2 percent on the purchase of Non- Judicial stamp upto Rs. 1000 shall be admissible to the licensed vendor If the discount permissible contains a fraction of a rupee, any such fraction, in excess of the nearest lower multiple of five paise shall be ignored: Provided that no discount shall be allowed: (a) on any stamps supplied on any material furnished by the purchaser himself, (b) unless stamps of an aggregate value of not less than Rs. 5 are purchased at one time, (c) on the fraction of only one rupee, and (d) on account of purchase of adhesive revenue stamps.	161. Every licensed vendor who purchases non- Judicial. court fee or copy stamps from the Government treasury by payment of ready money shall eceive the same at a discount of Re.1 percent of the face value of the stamps. Provided that a discount of Rs 2 percent on the purchase of Non- Judicial stamp upto Rs. 1000 shall be admissible to the licensed vendor If the discount permissible contains a fraction of a rupee, any such fraction, in excess of the nearest lower multiple of five paise shall be ignored: Provided that no discount shall be allowed: (a) on any stamps supplied on any material furnished by the purchaser himself, (b) unless stamps of an aggregate value of not less than Rs. 5 are purchased at one time, (c) on the fraction of only one rupee, and (d) on account of purchase of adhesive revenue stamps.. provided that- 1. stamp vendor will be paid commission at the rate of 0.85 percent on every e-stamp issued by him, which will be in addition to the commission which Stock holding corporation ltd. gives to his authorised collection centre (A.C.C.) 2. stamp vendor will take ₹ 10 per e-stamp from buyer For every generated e-stamp as a stationery fee.

अधिसूचना

प्रकीर्ण

23 जुलाई, 2015 ई0

संख्या 179/2015/XXVII(9)/स्टाम्प-42/2008—श्री राज्यपाल महोदय, भारतीय स्टाम्प अधिनियम, 1899 के अनुच्छेद 74 और 75 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई—स्टाम्प प्रमाण—पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय नियमावली, 2011 में अग्रेतर संशोधन करने की दृष्टि से निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:—

उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई—स्टाम्प प्रमाण—पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय) (संशोधन) नियमावली, 2015

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई—स्टाम्प प्रमाण—पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय) (संशोधन) नियमावली, 2015 है।

(2) यह तुरन्त प्रवृत्त होगी।

नियम 13 का संशोधन

2. उत्तराखण्ड स्टाम्प (ई—स्टाम्प प्रमाण—पत्रों के माध्यम से शुल्क का संदाय) नियमावली, 2011 (जिसे यहाँ आगे मूल नियमावली कहा गया है।) में नीचे स्तम्भ—1 में दिये गये वर्तमान नियम 13 के शीर्षक सहित के स्थान पर स्तम्भ—2 में दिये गये शीर्षक सहित नियम रख दिया जायेगा; अर्थात्—

स्तम्भ—1 वर्तमान नियम	स्तम्भ—2 एतद्द्वारा प्रस्तावित नियम
13 प्राधिकृत संग्रह केन्द्र की नियुक्ति के लिये पात्रता मानदण्ड— नियम 12 के अधीन नियुक्ति प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन कोई अनुसूचित बैंक, केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा नियन्त्रित कोई वित्तीय संस्था अथवा उपक्रम और डाकघर अथवा केन्द्रीय अभिलेख—अनुरक्षण—अभिकरण द्वारा अधिकृत कोई अभिकरण जो राज्य सरकार की सहमति से नियुक्त हो, प्राधिकृत संग्रह केन्द्र के रूप में नियुक्ति के लिये पात्र होंगे।	13 प्राधिकृत संग्रह केन्द्र की नियुक्ति के लिये पात्रता मानदण्ड— नियम 12 के अधीन नियुक्ति प्राधिकारी के पूर्व अनुमोदन के अध्यधीन कोई अनुसूचित बैंक, केन्द्र अथवा राज्य सरकार द्वारा नियन्त्रित कोई वित्तीय संस्था अथवा उपक्रम, डाकघर, कॉमन सर्विस सेन्टर (राष्ट्रीय ई— गवर्नेन्स योजना (NeGP) के अन्तर्गत संचालित) और कोई व्यक्ति (अकेले व्यक्ति को सम्मिलित करते हुये) अथवा केन्द्रीय अभिलेख —अनुरक्षण—अभिकरण द्वारा अधिकृत कोई अभिकरण जो राज्य सरकार की सहमति से नियुक्त हो, प्राधिकृत संग्रह केन्द्र के रूप में नियुक्ति के लिये पात्र होंगे।

प्रारूप–1 का संशोधन

3. मूल नियमावली के नियम–6 के उपनियम (1) में प्रकल्पित प्रारूप–1 (अनुबन्ध) के स्थान पर नीचे स्तम्भ–1 में दिये गये वर्तमान पैरा–3 के शीर्षक सहित उप–पैरा 3.2 के स्थान पर स्तम्भ–2 में दिये गये शीर्षक सहित उप–पैरा रख दिया जायेगा; अर्थात्–

स्तम्भ–1 वर्तमान पैरा	स्तम्भ–2 एतद्द्वारा प्रस्तावित पैरा
3– अनुमोदित मध्यवर्तियों अर्थात् प्राधिकृत संग्रह केन्द्रों की नियुक्ति–	3– अनुमोदित मध्यवर्तियों अर्थात् प्राधिकृत संग्रह केन्द्रों की नियुक्ति–
3.2 अनुमोदित मध्यवर्तियों में से, अनुसूचित बैंक, वित्तीय संस्थान, चाटर्ड एकाउन्टेन्ट फर्म, व्यावसायिक व्यक्ति, डाकखाना, बीमा–विनियमन विकास प्राधिकरण मान्यता प्राप्त बीमा कम्पनी अथवा कोई अन्य व्यक्ति/संस्था, जैसा कि सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाय, अधिमानतः (वरीयता से) प्राधिकृत संग्रह केन्द्र हो सकते है।	3.2 अनुमोदित मध्यवर्तियों में से अनुसूचित बैंक, वित्तीय संस्थान, चाटर्ड एकाउन्टेन्ट फर्म, व्यावसायिक व्यक्ति, डाकखाना, कॉमन सर्विस सेन्टर (राष्ट्रीय ई–गवर्नेन्स योजना (NeGP) के अन्तर्गत संचालित) बीमा– विनियमन विकास प्राधिकरण मान्यता प्राप्त बीमा कम्पनी अथवा कोई अन्य व्यक्ति (अकेले व्यक्ति को सम्मिलित करते हुये)/संस्था, जैसा कि सरकार द्वारा अनुमोदित किया जाय, अधिमानतः (वरीयता से) प्राधिकृत संग्रह केन्द्र हो सकते है।

आज्ञा से,
राकेश शर्मा,
अपर मुख्य सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification **No. 179/2015/XXVII(9)/ Stamp-42/2008,** Dehradun, dated July 23, 2015 for general information.

NOTIFICATION

Miscellaneous

July 23, 2015

No. 179/2015/XXVII(9)/Stamp-42/2008--In exercise of the powers conferred by Article 74 and 75 of the Indian Stamp Act, 1899, the Governor is pleased to make the following rules with a view to further amend the Uttarakhand Stamp (Payment of Duty by Means of E-stamp Certificates) Rules, 2011.

THE UTTARAKHAND STAMP (PAYMENT OF DUTY BY MEANS OF E-STAMP CERTIFICATES) (AMENDMENT) RULES, 2015

Short title and commencement- 1. (1) The Uttarakhand Stamp (Payment of Duty by Means of E-stamp Certificates) (Amendment) Rules, 2015 .

(2) They shall come into force at once.

Amendment of Rule 13

2. In the Uttarakhand Stamp (Payment of Duty by Means of E-Stamp Certificates) Rules, 2011 (hereinafter referred to as principal rules), the existing rule 13 with title as set out in column 1 below, the rule with title as set out in column 2, shall be substituted as follows; namely :-

Column-1 Existing rule	Column-2 rule as hereby substituted
13 Eligibility criteria for appointment of Authorised Collection Centre- Any scheduled bank any financial institution or undertaking controlled by the Central Government or the the Government, or the Post Office or any agency will be eligible for appointment as Authorised Collection Centre or any agency authorised by CRA in consultant with the State Govt. subject to prior apporoval of the Appointing Authority under Rule 12.	13 Eligibility criteria for appointment of Authorised Collection Centre- Any Scheduled Bank, any financial institution or undertaking controlled by the Central Government or the State Government, the Post Office, Common service centre {Operating under e-governance plan (NeGP)} any person (including individual) or any agency will be eligible for appointment as Authorised Collection Centre or any agency authorised by CRA in consultant with the State Government. subject to prior apporoval of the Appointing Authority under Rule 12.

Amendment of From-1(Amended)

3. In the principal rule the from-1 (Agreement) envisaged in sub rule (1) of rule (6) substituted by in the existing From-1(Amended), the sub- para 3.2 of para 3 as set out in column 1 blow, the as set out in column 2, shall be substituted as follows; namely :-

Column-1 Existing para	Column-2 para as hereby substituted
3- Appointment of approved intermediaries /Authorised collection centers (ACCs)- 3.2 Amongst the approved intermediaries, the Authorised collection centers could preferably by a Sheduled Bank, Financial Institution, Chartered Accountant firm, Recognized Institution of professionals, Post Office; Insurance Regulatory Development Authority Recognized insurance company or any other person (other than individual)/ institution as approved by the Governement.	3- Appointment of approved intermediaries /Authorised collection centers (ACCs)- 3.2 Amongst the approved intermediaries, the Authorised collection centers could preferably by a Sheduled Bank, Financial Institution, Chartered Accountant firm, Recognized Institution of professionals, Post Office; Common service centre {Operating under e-governance plan (NeGP)}Insurance Regulatory Development Authority Recognized insurance company or any other person (including individual)/ institution as approved by the Governement.

By Order,

RAKESH SHARMA,
Add. Chief Secretary.

चिकित्सा अनुभाग–3

कार्यालय ज्ञाप

24 जुलाई, 2015 ई0

संख्या 1117/XXVIII-3-2015-18/2005–श्री एस0एस0 चौहान, प्रभारी अधिकारी (फार्मेसी), वेतनमान ₹ 15600–39100 ग्रेड पे ₹ 6600 को नियमित चयनोपरान्त विशेष कार्याधिकारी (फार्मेसी), वेतनमान ₹ 15600–39100 ग्रेड पे ₹ 6600 पर पदोन्नति प्रदान करते हुए स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय, उत्तराखण्ड, देहरादून में पद स्थापित किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. विशेष कार्याधिकारी उक्त पद पर 01 वर्ष परिवीक्षा अवधि विहित होने के दृष्टिगत् श्री चौहान को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने की तिथि दिनांक 31–08–2015 तक परिवीक्षा की अवधि में रखा जायेगा।

आज्ञा से,

ओम प्रकाश,
प्रमुख सचिव।

कृषि एवं विपणन अनुभाग–1

अधिसूचना

प्रोन्नति

30 जुलाई, 2015 ई0

संख्या 1002/XIII-1/2015-03(01)2001–एतद्द्वारा उत्तराखण्ड कृषि सेवा समूह 'क' के अन्तर्गत उप कृषि निदेशक के पद पर तैनात अधिकारी श्री के0सी0 पाठक को नियमित चयनोपरान्त इनसे आसन्न कनिष्ठ श्री परमाराम की संयुक्त कृषि निदेशक के पद पर प्रोन्नति की तिथि 18–08–2009 से वेतनमान ₹ 15600–39100 ग्रेड वेतन ₹ 7600 के पद पर प्राकल्पिक प्रोन्नति प्रदान किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्तानुसार प्राकल्पिक रूप से पदोन्नति श्री के0सी0 पाठक, संयुक्त कृषि निदेशक को वेतन सम्बन्धी लाभ उनकी वास्तविक पदोन्नति की तिथि/उक्त पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से देय होंगे, परन्तु अन्य सेवा सम्बन्धी लाभ हेतु समयावधि की गणना दिनांक 18–08–2009 से की जाएगी।

3. श्री के0सी0 पाठक की तैनाती संयुक्त कृषि निदेशक (नियोजन), कृषि निदेशालय के पद पर की जाती है।

आज्ञा से,

एस0 रामास्वामी,
प्रमुख सचिव।

सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–1

प्रोन्नति/विज्ञप्ति

02 जुलाई, 2015 ई0

संख्या 1675/पदो0–05/XXXI(1)/2012–उत्तराखण्ड सचिवालय सेवा संवर्ग के अन्तर्गत अनुभाग अधिकारी के पद पर कार्यरत श्री दिनेश यादव को नियमित चयनोपरान्त अनुसचिव, वेतनमान ₹ 15600–39100 ग्रेड वेतन ₹ 6600 के पद पर कार्यभार ग्रहण करने की तिथि से अस्थाई रूप से प्रोन्नत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

2. उक्त पदोन्नति के फलस्वरूप श्री दिनेश यादव को 01 वर्ष की विहित परिवीक्षा पर रखा जाता है।

3. उक्त पदोन्नति के फलस्वरूप श्री दिनेश यादव को मुख्यमंत्री कार्यालय में अनुसचिव के पद पर तैनात किया जाता है।

4. उक्त पदोन्नति मा0 लोक सेवा अधिकरण देहरादून में योजित निर्देश याचिका संख्या 92/2011 अहमद अली व अन्य बनाम राज्य एवं इस सम्बन्ध योजित अन्य याचिकाओं में मा0 न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन रहेगी।

5. उक्त प्रोन्नति अस्थाई है तथा भारत सरकार द्वारा राज्य परामर्शीय समिति की संस्तुतियों के अनुसार यदि उ0प्र0 सचिवालय के अन्य कर्मी उत्तराखण्ड राज्य को आवंटित होते हैं तो तद्परिणाम से वरिष्ठता प्रभावित होने की स्थिति में इन आदेशों को तत्क्रम में निर्धारित होने वाली वरिष्ठता के आधार पर यथा आवश्यक परिवर्तित/प्रत्यावर्तित किया जायेगा।

6. श्री दिनेश यादव, अनुसचिव को निर्देशित किया जाता है कि वे अपनी नवीन तैनाती के विभाग में तत्काल कार्यभार ग्रहण करते हुये सचिवालय प्रशासन (अधि0) अनुभाग–01 को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

आज्ञा से,

पी0एस0 जंगपांगी,
सचिव।

वन एवं पर्यावरण अनुभाग–1

विज्ञप्ति/सेवानिवृत्ति

08 जुलाई, 2015 ई0

संख्या 2257/X-1-2015-14(09)/2014–श्री अनिल कुमार दत्त, भा0व0से0, प्रमुख वन संरक्षक, वन्य जीव, उत्तराखण्ड, जिनकी जन्मतिथि 01–09–1955 (एक सितम्बर सन् उन्नीस सौ पचपन) है, 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक 31–08–2015 के अपराह्न को राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो जायेंगे।

विज्ञप्ति/सेवानिवृत्ति

23 जुलाई, 2015 ई0

संख्या 2464/X-1-2015-14(09)/2014–श्री सोबरन लाल, भा0व0से0, वन संरक्षक, वन पंचायत, कुमाऊँ क्षेत्र, हल्द्वानी, जिनकी जन्मतिथि 15–10–1955 (पन्द्रह अक्टूबर सन् उन्नीस सौ पचपन) है, 60 वर्ष की अधिवर्षता आयु पूर्ण कर दिनांक 31–10–2015 के अपराह्न को राजकीय सेवा से सेवानिवृत्त हो जायेंगे।

रमेश चन्द्र लोहनी,
अपर सचिव।

पी0एस0यू0 (आर0ई0) 34 हिन्दी गजट/424–भाग 1–2015 (कम्प्यूटर/रीजियो)।
मुद्रक एवम् प्रकाशक–अपर निदेशक, राजकीय मुद्रणालय, उत्तराखण्ड, रुड़की।

पंजीकरण संख्या–यू0ए0/डी0ओ0/डी0डी0एन0/30/2015–17



सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

रुड़की, शनिवार, दिनांक 22 अगस्त, 2015 ई0 (श्रावण 31, 1937 शक सम्वत्)

भाग 1–क

नियम, कार्य–विधियां, आज्ञाएं, विज्ञप्तियां इत्यादि जिनको उत्तराखण्ड के राज्यपाल महोदय, विभिन्न विभागों के अध्यक्ष तथा राजस्व परिषद् ने जारी किया

UTTARAKHAND STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY
HIGH COURT CAMPUS, NAINITAL

NOTIFICATION

July 13, 2015

No. 432/III-A-02/2015/SLSA--Smt. Jyotsna, Civil Judge (Sr. Div.)/Secretary, District Legal Services Authority, Bageshwar is hereby sanctioned Child Care Leave for 15 days *w.e.f.* 23-06-2015 to 07-07-2015.

NOTIFICATION

July 25, 2015

No. 477/III-A-07/2015/SLSA--Smt. Jyoti Bala, Civil Judge (Sr. Div.)/Secretary, District Legal Services Authority, Nainital is hereby sanctioned earned leave for 12 days *w.e.f.* 06-07-2015 to 17-07-2015 with permission to prefix 05-07-2015 as Sunday holiday and suffix 18-07-2015 and 19-07-2015 as Govt. holiday and Sunday holiday respectively.

By Order of Hon'ble the Executive Chairman,

Sd/-

PRASHANT JOSHI,

Member Secretary.

HIGH COURT OF UTTARAKHAND, NAINITAL

NOTIFICATION

July 27, 2015

No. 214/UHC/XIV/47/Admin.A--Sri Ashish Naithani, District & Sessions Judge, Rudraprayag is hereby sanctioned medical leave for 07 days *w.e.f.* 06-07-2015 to 12-07-2015.

By Order of Hon'ble the Administrative Judge,
Sd/-
Registrar (Inspection).

पंचायती राज अनुभाग

अधिसूचना

प्रकीर्ण

16 जुलाई, 2015 ई0

संख्या 608/XII/15-84(03)/2012–श्री राज्यपाल महोदय, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करके और इस विषय पर विद्यमान समस्त नियमों और आदेशों का अधिक्रमण करके उत्तराखण्ड, राज्य निर्वाचन आयोग (मुख्यालय) सेवा में नियुक्त व्यक्तियों की भर्ती तथा सेवा की शर्तों को विनियमित करने के लिए निम्नलिखित नियमावली बनाते हैं:–

उत्तराखण्ड राज्य निर्वाचन आयोग (मुख्यालय) समूह 'क' एवं समूह 'ख' सेवा नियमावली, 2015

भाग – एक – सामान्य

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ
   (1) इस नियमावली का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड राज्य निर्वाचन आयोग (मुख्यालय) समूह 'क' एवं समूह 'ख' सेवा नियमावली, 2015 है।
   (2) यह तत्काल प्रवृत्त होगी।

2. सेवा की प्रास्थिति
   उत्तराखण्ड राज्य निर्वाचन आयोग (मुख्यालय) एक ऐसी राज्य सेवा है, जिसमें समूह 'क' और समूह 'ख' (राजपत्रित/अराजपत्रित) के पद सम्मिलित हैं।

   परिभाषाएं
   जब तक कि विषय या सन्दर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस नियमावली में :–
   (क) **"नियुक्ति प्राधिकारी"** से आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है;
   (ख) **"भारत का नागरिक"** से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है, जो "भारत का संविधान" के भाग–दो के अधीन भारत का नागरिक हो या भारत का नागरिक समझा जाता है;
   (ग) **"आयोग"** से लोक सेवा आयोग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है;
   (घ) **"संविधान"** से **"भारत का संविधान"** अभिप्रेत है;
   (ङ) **"सरकार"** से उत्तराखण्ड की राज्य सरकार अभिप्रेत है;
   (च) **"राज्यपाल"** से उत्तराखण्ड का राज्यपाल अभिप्रेत है;
   (छ) **"आयुक्त"** से राज्य निर्वाचन आयुक्त, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है;

(ज) "सचिव" से सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है;

(झ) "निर्वाचन आयोग" से राज्य निर्वाचन आयोग, उत्तराखण्ड अभिप्रेत है;

(ञ) "सेवा का सदस्य" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर इस नियमावली या इस नियमावली के प्रारंभ होने के पूर्व प्रवृत्त नियमों या आदेशों के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है;

(ट) "सेवा" से उत्तराखण्ड राज्य निर्वाचन आयोग (मुख्यालय) सेवा अभिप्रेत है;

(ठ) "मौलिक नियुक्ति" से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति अभिप्रेत है, जो तदर्थ नियुक्ति न हो और नियमानुसार चयन के पश्चात् की गयी हो और यदि कोई नियम न हो तो सरकार द्वारा जारी किये गये कार्यपालक अनुदेशों द्वारा तत्समय विहित प्रक्रिया के अनुसार चयन के पश्चात् की गयी हो; तथा

(ड) "भर्ती का वर्ष" से कलेण्डर वर्ष के जुलाई के प्रथम दिवस से आरम्भ होने वाली बारह मास की अवधि अभिप्रेत है।

भाग – दो – संवर्ग

4. सेवा का संवर्ग

(1) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या उतनी होगी, जो समय–समय पर सरकार द्वारा निर्धारित की जाय।

(2) सेवा में कर्मचारियों/अधिकारियों तथा उसमें प्रत्येक श्रेणी के पदों की संख्या जब तक उपनियम (1) के अधीन पारित आदेशों द्वारा परिवर्तन न किया जाय, उतनी होगी, जो **परिशिष्ट 'क'** में दी गयी है :

परन्तु यह कि –

(क) नियुक्ति प्राधिकारी, किसी रिक्त पद को खाली छोड़ सकेंगे अथवा राज्यपाल किसी पद को इस प्रकार प्रास्थगित कर सकेगें कि कोई व्यक्ति प्रतिपूर्ति का हकदार नहीं होगा;

(ख) राज्यपाल, ऐसे अतिरिक्त स्थाई अथवा अस्थाई पद सृजित कर सकते हैं, जैसा वे उचित समझें।

भाग – तीन – भर्ती

5. भर्ती का स्रोत

(1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर भर्ती निम्नलिखित स्रोतों से की जायेगी :–

पद का नाम	भर्ती का स्रोत
(क) समीक्षा अधिकारी	(एक) पचास प्रतिशत लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा;

(दो) पचास प्रतिशत मौलिक रूप से नियुक्त सहायक समीक्षा अधिकारियों में से, जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में पाँच वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, लोक सेवा आयोग के माध्यम से पदोन्नति द्वारा।

(ख) अनुभाग अधिकारी — स्थायी समीक्षा अधिकारियों में से जिन्होंने समीक्षा अधिकारी के रूप में कम से कम पांच वर्ष की सेवा (जिसके अन्तर्गत अस्थायी सेवा भी है) की हो,, शत प्रतिशत पदोन्नति द्वारा।

(ग) सहायक आयुक्त — (1) एक पद प्रतिनियुक्ति द्वारा;
(2) एक पद ऐसे स्थायी सहायक जिला निर्वाचन अधिकारियों में से जिन्होंने भर्ती के वर्ष के प्रथम दिवस को इस रूप में दस वर्ष की सेवा पूरी कर ली हो, पदोन्नति द्वारा।

(घ) अनु सचिव — ऐसे स्थायी अनुभाग अधिकारियों में से जिन्होंने अनुभाग अधिकारी के रूप में या/ और किसी समकक्ष पद पर कम से कम पांच वर्ष की सेवा (जिसके अन्तर्गत अस्थायी सेवा भी है) की हो; शतप्रतिशत पदोन्नति द्वारा।

(2) यदि किसी कनिष्ठ व्यक्ति को पात्रता के क्षेत्र में सम्मिलित किया जाता है तो उससे ज्येष्ठ व्यक्ति को भी, इस तथ्य के होते हुए भी कि उसने अपेक्षित सेवा अवधि पूरी नहीं की है, पात्रता के क्षेत्र में सम्मिलित किया जा सकेगा।

6. आरक्षण — उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिये आरक्षण भर्ती के समय प्रवृत्त सरकार के आदेशों के अनुसार किया जायेगा।

भाग – चार – अर्हताएं

7. राष्ट्रीयता — सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिये यह आवश्यक है कि अभ्यर्थी–

(क) भारत का नागरिक हो; या

(ख) तिब्बती शरणार्थी, जो भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से 01 जनवरी, 1962 से पहले भारत आया हो, होना चाहिए; या

(ग) भारतीय मूल का व्यक्ति जिसने भारत में स्थायी रूप से बसने के आशय से पाकिस्तान, बर्मा, श्रीलंका तथा केनिया, युगांडा और संयुक्त तांजानिया गणराज्य (पूर्ववर्ती तांगानिका और जंजीबार) के पूर्वी अफ्रीकी देशों से प्रवर्जन किया हो :

परन्तु यह कि उपर्युक्त श्रेणी (ख) और (ग) से संबंधित अभ्यर्थी वह व्यक्ति होगा जिसके पक्ष में सरकार द्वारा पात्रता प्रमाण–पत्र जारी किया गया हो :

परन्तु यह और कि श्रेणी (ख) से संबंधित अभ्यर्थी पुलिस महानिरीक्षक, अभिसूचना शाखा, उत्तराखण्ड द्वारा प्रदत्त पात्रता प्रमाण–पत्र प्राप्त करना आवश्यक होगा :

परन्तु यह भी कि यदि अभ्यर्थी उक्त श्रेणी (ग) से संबंधित है प्रमाण–पत्र एक वर्ष से अधिक अवधि के बाद के लिए जारी नहीं किया जायेगा और ऐसे अभ्यर्थी को एक वर्ष से अवधि के बाद उसके द्वारा भारत की नागरिकता प्राप्त करने पर सेवा में रखा जा सकेगा।

टिप्पणी– जिस अभ्यर्थी के मामले में पात्रता प्रमाण–पत्र आवश्यक हो, किन्तु उसे न तो जारी किया गया हो और न ही नामंजूर किया गया हो, उसे परीक्षा या साक्षात्कार में प्रवेश दिया जा सकता है और उसे अन्तिम रूप से नियुक्त भी किया जा सकता है, किन्तु शर्त यह है कि उसके द्वारा आवश्यक प्रमाण–पत्र प्राप्त कर लिया जाय या उसके पक्ष में जारी कर दिया जाय।

8. **शैक्षिक अर्हताएं**

सेवा में विभिन्न पदों पर सीधी भर्ती के लिये अभ्यर्थी के पास निम्नलिखित अर्हताएं होनी चाहिए :–

पद	अर्हता
समीक्षा अधिकारी	भारत में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त उसके समकक्ष कोई अर्हता।

9. **अधिमानी अर्हताएं**

अभ्यर्थी, जिसने–

(1) प्रादेशिक सेना में कम से कम दो वर्ष सेवा की हो; या

(2) नेशनल कैडेट कोर का "बी" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो;

(3) राष्ट्रीय सेवा योजना का "सी" प्रमाण–पत्र प्राप्त किया हो; को अन्य बातें समान होने पर सीधी भर्ती के मामले में अधिमान दिया जायेगा।

10. **आयु**

सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी की आयु यदि वह 01 जनवरी से 30 जून की अवधि के दौरान विज्ञापित किये जाते हैं तो जिस वर्ष भर्ती की जाती है, उस वर्ष की 01 जनवरी को 21 वर्ष और अधिकतम 42 वर्ष होनी चाहिए। यदि पद 01 जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि के दौरान विज्ञापित किये जाते हैं तो उस वर्ष की 01 जुलाई को 21 वर्ष और अधिकतम 42 वर्ष होनी चाहिए।

परन्तु यह और कि उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्ग तथा अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा उतने वर्ष अधिक होगी, जितनी राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर सामान्य आदेशों से विनिर्दिष्ट की जायें।

11. चरित्र — सेवा में किसी पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का चरित्र ऐसा होना चाहिए, जिससे वह सरकारी सेवा की नौकरी के लिए सर्वथा उपयुक्त हो। नियुक्ति प्राधिकारी इस विषय में स्वयं समाधान करेगा।

टिप्पणी–संघ सरकार या राज्य सरकार अथवा संघ सरकार के स्वामित्व में अथवा नियंत्रणाधीन किसी स्थानीय प्राधिकरण या निगम या निकाय द्वारा पदच्युत व्यक्ति सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे। नैतिक अधमता के अपराध से सिद्धदोष व्यक्ति भी नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे।

12. वैवाहिक प्रास्थिति — पुरूष, जिसकी एक से अधिक पत्नी जीवित हो अथवा ऐसी महिला जिसने ऐसे पुरूष से विवाह किया हो जिसकी पहले से जीवित पत्नी हो, सेवा में किसी पद पर नियुक्ति के पात्र नहीं होंगे :

परन्तु यह कि यदि सरकार का समाधान हो जाय कि ऐसा करने के लिए विशेष कारण है, तो वह किसी व्यक्ति को इस नियम के प्रवर्तन से मुक्त कर सकेगी।

13. शारीरिक स्वस्थता — किसी भी ऐसे अभ्यर्थी को सेवा में किसी पद पर नियुक्त नहीं किया जायेगा, यदि वह शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ नहीं है और किसी ऐसे शारीरिक दोष से मुक्त नहीं है, जिसके कारण उसे अपने कर्तव्यों के दक्षतापूर्वक निर्वहन में हस्तक्षेप की सम्भावना हो। किसी अभ्यर्थी को नियुक्ति के लिए अनुमोदित करने से पूर्व उससे–

(क) राजपत्रित पद या सेवा के मामले में, आयुर्विज्ञान परिषद् की परीक्षा उत्तीर्ण करनी होगी;

(ख) सेवा में अन्य पदों के मामले में वित्तीय हस्त पुस्तिका के खण्ड–दो, भाग–तीन के अध्याय–तीन में दिये गये मूल नियम 10 के अधीन बनाये गये नियमों के अनुसार स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित है :

परन्तु यह कि पदोन्नति द्वारा नियुक्त अभ्यर्थी के लिए स्वस्थता प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना अपेक्षित नहीं होगा।

भाग – पाँच – भर्ती प्रक्रिया

14. रिक्तियों की अवधारणा — नियुक्ति प्राधिकारी वर्ष के दौरान भरी जाने वाली रिक्तियों की नियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों तथा अन्य श्रेणियों के लिए आरक्षित की जाने वाली रिक्तियों की संख्या भी अवधारित करेगा और आयोग के माध्यम से भरी जाने वाली रिक्तियों की संख्या की सूचना आयोग को दी जायेगी।

15. सीधी भर्ती की प्रक्रिया

समीक्षा अधिकारी के पद पर लोक सेवा आयोग के माध्यम से सीधी भर्ती की प्रक्रिया—

(1) प्रतियोगिता परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति के लिए आवेदन—पत्र आयोग द्वारा जारी किये गये विज्ञापन में प्रकाशित प्रपत्र में आयोग द्वारा आमंत्रित किये जायेंगे।

(2) किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा में सम्मिलित नहीं किया जायेगा जब तक कि उसके पास आयोग द्वारा जारी किया गया प्रवेश—पत्र न हो।

(3) लिखित परीक्षा के परिणाम प्राप्त हो जाने और सारणीबद्ध कर लिये जाने के पश्चात् आयोग नियम 6 के अधीन उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों, अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य श्रेणियों के अभ्यर्थियों को सम्यक् प्रतिनिधित्व सुनिश्चित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों की उनकी योग्यता क्रम में, जैसा कि लिखित परीक्षा में प्रत्येक अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंकों से प्रकट हो, एक सूची तैयार करेगा और उतनी संख्या में अभ्यर्थियों को जितनी—जितनी वह नियुक्ति के लिए उचित समझे, संस्तुत करेगा। यदि दो या अधिक अभ्यर्थी बराबर—बराबर अंक प्राप्त करें तो आयु में ज्येष्ठ अभ्यर्थी को सूची में ऊपर रखा जायेगा। आयोग सूची नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगा।

16. पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया

(1) **समीक्षा अधिकारी के पद पर पदोन्नति द्वारा भर्ती की प्रक्रिया**— समीक्षा अधिकारी के पदों पर पदोन्नति द्वारा भर्ती, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर समय—समय पर यथा संशोधित उत्तराखण्ड, लोक सेवा आयोग सपरामर्श चयनोन्नति (प्रक्रिया) नियमावली, 2003 के अनुसार की जायेगी।

(2) **अनुभाग अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं अनुसचिव के पद पर भर्ती प्रक्रिया—**

(क) अनुभाग अधिकारी, सहायक आयुक्त एवं अनु सचिव के पदों पर भर्ती, अनुपयुक्त को अस्वीकार करते हुए ज्येष्ठता के आधार पर, एक चयन समिति के माध्यम से की जायेगी जिसका गठन निम्नवत् किया जायेगा :—

(एक) नियुक्ति प्राधिकारी — अध्यक्ष;

(दो) सचिव, राज्य निर्वाचन आयोग— सदस्य ;

(तीन) नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा नाम—निर्दिष्ट अधिकारी — सदस्य;

(ख) नियुक्ति प्राधिकारी, उत्तराखण्ड (लोक सेवा आयोग की परिधि के बाहर के पदों पर) चयनोन्नति पात्रता सूची नियमावली, 2003 के अनुसार पात्रता सूची तैयार करेगा।

(3) नियुक्ति प्राधिकारी, अभ्यर्थियों की पात्रता सूची की, उनकी चरित्र पंजियों और उनसे संबंधित ऐसे अन्य अभिलेख के साथ, जो उचित समझे जायं, चयन समिति के समक्ष रखेगा और उसे रिक्तियों की संख्या भी सूचित करेगा।

(4) चयन समिति उपनियम (3) में निर्दिष्ट अभिलेखों के आधार पर अभ्यर्थियों के मामले पर विचार करेगी और यदि वह आवश्यक समझे तो अभ्यर्थियों का साक्षात्कार भी कर सकेगी।

(5) चयन समिति भर्ती के समय प्रवृत्त शासकीय आदेशों में दी गई प्रक्रिया के अनुसार चयनित अभ्यर्थियों की एक सूची तैयार करेगी, और नियुक्ति प्राधिकारी को अग्रसारित करेगी।

(6) नियुक्ति प्राधिकारी, सहायक आयुक्त के एक पद पर प्रतिनियुक्ति द्वारा ऐसे नियुक्त कर सकेगा, जैसा राज्य सरकार आदेश द्वारा अवधारित करे।

17. संयुक्त चयन सूची — यदि भर्ती के किसी वर्ष में नियुक्ति सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाती है तो संगत सूचियों से नाम लेकर एक संयुक्त चयन सूची इस प्रकार तैयार की जायेगी जिससे विहित प्रतिशत बना रहे। सूची में पहला नाम पदोन्नति द्वारा नियुक्त व्यक्ति का होगा।

भाग –छः – नियुक्ति, परिवीक्षा, स्थायीकरण और ज्येष्ठता

18. नियुक्ति.

(1) उपनियम (2) के उपबन्धों के अधीन रहते हुए नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों के नाम उस क्रम में लेकर जिसमें यथास्थिति नियम 15, 16 एवं 17 के अधीन तैयार की गयी सूचियों में आये हों, नियुक्तियॉ करेगा।

(2) यदि किसी वर्ष भर्ती नियुक्तियाँ सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जानी हैं तो नियमित नियुक्तियाँ तब तक नहीं की जायेगी जब तक कि दोनों स्रोतों से चयन न कर लिया जाय और नियम 17 के अनुसार एक संयुक्त सूची तैयार न की गयी हों।

(3) यदि किसी चयन के सम्बन्ध में एक से अधिक नियुक्ति का आदेश जारी किया जाता है तो एक संयुक्त आदेश भी जारी किया जायेगा, जिसमें चयनित व्यक्तियों के नाम का उल्लेख चयन में अवधारित ज्येष्ठता के आधार या उस क्रम में, यथास्थिति, जिस क्रम में उनका नाम उस संवर्ग में है, जिससे उन्हें पदोन्नत किया गया है, किया जायेगा। यदि नियुक्तियां सीधी भर्ती और पदोन्नति दोनों प्रकार से की जाती हैं तो नाम नियम 17 में निर्दिष्ट क्रम में क्रमांकित किये जायेंगे।

19. परिवीक्षा

(1) सेवा में किसी स्थायी पद पर या उसके विरूद्ध रिक्ति पर नियुक्त व्यक्ति को एक वर्ष की अवधि के लिये परिवीक्षा में रखा जायेगा।

(2) नियुक्ति प्राधिकारी पृथक–पृथक मामले में, परिवीक्षा का दिनाँक विनिर्दिष्ट करते हुए, जब तक अवधि बढ़ाई गई है, अवधि बढ़ा सकता है, जिसके कारण अभिलिखित करने होंगे :

परन्तु यह कि आपवादिक परिस्थितियों के सिवाय परिवीक्षा अवधि एक वर्ष से अधिक और किसी भी परिस्थिति में दो वर्ष से अधिक नहीं बढ़ाई जायेगी।

(3) यदि नियुक्ति प्राधिकारी को प्रतीत है कि परिवीक्षा अवधि के दौरान किसी समय या परिवीक्षा अवधि की समाप्ति अथवा परिवीक्षा की बढ़ाई गयी अवधि में किसी परिवीक्षाधीन द्वारा अपने अवसरों का पर्याप्त उपयोग नहीं किया है, या अन्यथा समाधान प्रदान करने में असफल रहा है तो उसे उसके मूल पद पर, यदि कोई हो, प्रत्यावर्तित किया जा सकेगा या यदि उसका किसी पद पर धारणाधिकार नहीं है, तो उसकी सेवायें समाप्त की जा सकेंगी।

(4) ऐसा परिवीक्षाधीन व्यक्ति, जिसे उपनियम (3) के अधीन प्रत्यावर्तित कर दिया गया हो या जिसकी सेवायें समाप्त कर दी गई है, किसी प्रतिकर का हकदार नहीं होगा।

(5) नियुक्ति प्राधिकारी परिवीक्षा अवधि की संगणना के प्रयोजन हेतु उस निरन्तर सेवा को गिने जाने की अनुमति दे सकेगा, जो उस विशिष्ट संवर्ग में शामिल किये गये पद पर या किसी समान अथवा उच्चतर पद पर स्थानापन्न या अस्थाई रूप में प्रदान की गयी हो।

20. स्थायीकरण

(1) परिवीक्षाधीन व्यक्ति को उसकी नियुक्ति में उसकी परिवीक्षा अवधि या बढ़ाई गयी परिवीक्षा अवधि की समाप्ति पर स्थायी किया जा सकेगा यदि उसने—

(क) विहित प्रशिक्षण, यदि कोई हो, सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया हो;

(ख) उसका कार्य और आचरण संतोषजनक बताया गया हो;

(ग) उसकी सत्यनिष्ठा अधिप्रमाणित है; तथा

(घ) नियुक्ति प्राधिकारी का यह समाधान हो गया है कि वह स्थायीकरण के लिए अन्यथा योग्य है।

(2) जहाँ समय–समय पर यथा संशोधित, उत्तराखण्ड के सरकारी सेवकों की स्थायीकरण नियमावली, 2002 के उपबन्धों के अनुसार स्थायीकरण आवश्यक नहीं है, वहाँ इस नियमावली के नियम 5 के उपनियम (3) के अधीन यह घोषणा करते हुए आदेश कि सम्बन्धित व्यक्ति ने परिवीक्षा अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, स्थायीकरण का आदेश समझा जायेगा।

21. ज्येष्ठता

किसी श्रेणी के पद पर मौलिक रूप से नियुक्त व्यक्तियों की ज्येष्ठता समय–समय पर यथा संशोधित उत्तराखण्ड सरकारी सेवक ज्येष्ठता नियमावली, 2002 के प्राविधानानुसार निर्धारित की जायेगी।

भाग – सात – वेतन आदि

22. वेतनमान

(1) सेवा में विभिन्न श्रेणियों के पदों पर नियुक्त व्यक्तियों का अनुज्ञेय वेतनमान वह होगा, जो सरकार द्वारा समय–समय पर अवधारित किया जाय।

(2) इस नियमावली के प्रारम्भ के समय लागू वेतनमान परिशिष्ट 'क' में उल्लिखित किये गये हैं।

23. परिवीक्षा अवधि में वेतन

(1) मूल नियमों में किसी प्रतिकूल प्राविधान के होते हुए भी परिवीक्षाधीन व्यक्ति, यदि स्थायी सरकारी सेवा में नहीं है, तो उसे एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने, विभागीय परीक्षा में उत्तीर्ण होने और प्रशिक्षण प्राप्त करने पर, जहां विहित हो, समयमान में प्रथम वेतन वृद्धि की अनुमति प्रदान की जायेगी तथा दूसरी वेतन वृद्धि दो वर्ष की सेवा के पश्चात् परिवीक्षा अवधि पूर्ण किये जाने तथा स्थायी किये जाने पर दी जायेगी :

परन्तु यह कि समीक्षा अधिकारी के पद पर नियुक्त किसी व्यक्ति को प्रथम वेतन वृद्धि तब तक नहीं दी जायेगी जब तक कि उसने कम्प्यूटर पर हिन्दी टंकण में 4000 की–डिप्रेशन प्रति घन्टा की न्यूनतम गति प्राप्त न कर ली हो।

(2) ऐसे व्यक्ति का, जो पहले से सरकार के अधीन कोई पद धारण कर रहा हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन सुसंगत मूल नियमों द्वारा विनियमित होगा।

(3) ऐसे व्यक्ति का जो पहले से स्थायी सरकारी सेवा में हो, परिवीक्षा अवधि में वेतन राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में सेवारत सरकारी सेवकों पर सामान्यतया लागू सुसंगत नियमों द्वारा विनियमित होगा।

भाग – आठ – अन्य उपबन्ध

24. पक्ष समर्थन

किसी पद या सेवा में लागू नियमों के अधीन अपेक्षित सिफारिशों से भिन्न किन्हीं सिफारिशों पर, चाहे लिखित हो या मौखिक, विचार नहीं किया जायगा। किसी अभ्यर्थी की ओर से अपनी अभ्यर्थिता के लिए प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से समर्थन प्राप्त करने का कोई प्रयास या प्रयास का प्रमाण उसे नियुक्ति के लिए अनर्ह कर देगा।

25 अन्य विषयों का विनियमन

ऐसे विषयों के सम्बन्ध में, जो विनिर्दिष्ट रूप में इन नियमों या विशेष आदेशों के अन्तर्गत नहीं आते सेवा में नियुक्त ऐसे व्यक्ति राज्य के कार्यकलापों से संबंधित सेवारत सरकारी सेवकों पर साधारणतः लागू विनियमों और आदेशों द्वारा विनियमित होंगे।

26. सेवा की शर्तों में शिथिलता

जहाँ राज्य सरकार का यह समाधान हो जाय कि सेवा में नियुक्त किसी व्यक्ति की सेवा की शर्तों को विनियमित करने वाले किसी नियम के प्रवर्तन से किसी विशिष्ट मामले में अनुचित कठिनाई होती है, वहाँ वह, उस मामले में लागू नियमों में किसी बात के होते हुए भी, आदेश द्वारा, उस सीमा तक और ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जिन्हें वह मामले में न्यायसंगत और साम्यपूर्ण रीति से कार्यवाही करने के लिए आवश्यक समझे, उस नियम की अपेक्षाओं से अभिमुक्ति दे सकता है या उसे शिथिल कर सकता है :

परन्तु यह कि जहां कोई नियम लोक सेवा आयोग के परामर्श से बनाया गया है, वहां नियमं की अपेक्षाओं से अभिमुक्त करने या शिथिल करने से पूर्व लोक सेवा आयोग से परामर्श करना होगा।

27. व्यावृत्ति

इस नियमावली में किसी बात का कोई प्रभाव ऐसे आरक्षण और अन्य रियायतों पर नहीं पड़ेगा, जिसका इस सम्बन्ध में सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किये गये आदेशों के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य की अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों और व्यक्तियों की अन्य विशेष श्रेणियों के अभ्यर्थियों के लिए उपबन्ध किया जाना अपेक्षित हो।

परिशिष्ट 'क'

[कृपया नियम 4 का उपनियम (2) तथा नियम 22 का उपनियम (2) देखें]

क्र0 सं0	पदनाम	स्थायी	अस्थायी	वेतनमान (रूपये में)
1	2	3	4	5
1.	समीक्षा अधिकारी	06	—	9300–34800+4600
2.	अनुभाग अधिकारी	03	—	9300–34800+4800
3.	सहायक आयुक्त	02	—	15600–39100+5400
4.	अनु सचिव	01	—	15600–39100+6600

आज्ञा से,

विनोद फोनिया,

सचिव।

In pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of 'the Constitution of India', the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of Notification **No. 608/XII/15-84(03)/2012**, Dehradun, dated July 16, 2015 for general information.

NOTIFICATION

Miscellaneous

July 16, 2015

No. 608/XII/15-84(03)/2012--In exercise of the powers conferred by the proviso to Article 309 of "the Constitution of India", and in supersession of all existing rules and orders on the subject, the Governor is pleased to make the following rules regulating recruitment and conditions of service of person's appointed to the Uttarakhand State Election Commission (Headquarter) Service--

The Uttarakhand State Election Commission (Headquarter) Group 'A' and Group 'B' Service Rules, 2015

PART - I-GENERAL

1. **Short title and Commencement**
   (1) These rules may be called the Uttarakhand State Election Commission (Headquarter) Group 'A' and Group 'B' Service Rules, 2014.
   (2) It shall come into force at once.

2. **Status of the Service**
   The Uttarakhand State Election Commission (Headquarter) service is a State Service, Comprising Group 'A' and 'B' (Gazetted and Non-gazetted) posts.

3. **Definitions**
   In these rules, unless there is anything repugnant in the subject or context :-
   (a) 'Appointing Authority' means State Election Commissioner, Uttarakhand;
   (b) 'Citizen of India' means a person who is or is deemed to be a citizen of India under part II of the Constitution of India;
   (c) 'Commission' means the Uttarakhand Public Service Commission;
   (d) 'Constitution' means the Constitution of India;
   (e) 'Government' means the State Government of Uttarakhand;
   (f) 'Governor' means the Governor of Uttarakhand;
   (g) 'Commissioner' means the State Election Commissioner, Uttarakhand;
   (h) 'Secretary' means Secretary, State Election Commission, Uttarakhand;
   (i) 'Election Commission' means State Election Commission, Uttarakhand;
   (j) 'Member of the Service' means a person substantively appointed under these rules of or orders enforce prior to the commencement of these rules to a post in the cadre of the Service;
   (k) 'Service' means the State Election Commission, Uttarakhand Headquarter service;
   (l) 'Substantive appointment' means an appointment, not being an *adhoc* appointment, on a post in the cadre of the service and made after selection in accordance with the rule and, if there were no rules, in accordance with the procedure prescribed for the time being by executive instruction issued by the Government; and
   (m) 'Year of recruitment' means a period of twelve months commencing from the first day of July of the calendar year.

PART II-CADRE

4. **Cadre of Service**
   (1) The strength of the Service and each category of posts therein shall be such as may be determined by the Government from time to time.
   (2) The strength of the Service and each category of posts therein shall, until orders varying the same are passed under sub-rule (1) as given in Appendix 'A' :
   Provided that-

(a) the appointing authority may leave unfilled or the Governor may hold in abeyance any vacant post, without thereby entitling any person to the compensation;

(b) the Governor may create such additional permanent or temporary posts as he may consider proper.

PART III-RECRUITMENT

5. Source of Recruitment

(1) Recruitment to the various categories of posts in the service shall be made from the following sources:-

Name of posts	Source of recruitment
